


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 37 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 19 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## पैमाने पर खरा उतरने वाला ही बनेगा भाजपा मंडल अध्यक्ष

### फिलहाल तो पार्टी बूथ अध्यक्षों के चुनाव पर दे रही ध्यान

राजू सोनी

**नाहरगढ़, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा तथा मल्हारगढ़ विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र मंडल अध्यक्षों को लेकर भाजपा ने एक पैमाना तय किया है। उस पर खरा उतरने वाला ही कुर्सी तक पहुंचेगा। संगठन सर्वगुण संपन्न कार्यकर्ता पर मुहर लगाएगा। उम्र के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अभी फिलहाल पार्टी बूथ अध्यक्षों के चुनाव पर ध्यान दे रही है। बूथ अध्यक्ष पश्चात पार्टी मंडल अध्यक्ष चुनाव पर निर्णय लेगी।




सूत्रों के मुताबिक मंडल अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर पार्टी ने कुछ पैमाने तय किए हैं। उसके बाद देखा जाएगा कि दावेदार का संघ व उसके किस अनुषांगिक संगठन से ताल्लुक रहा है। कितना और किस स्तर पर काम किया है। पार्टी में काम किया तो कितनी सिद्धत काम किया और कर रहा है। सामाजिक प्रतिष्ठा क्या है, स्थानीय से लेकर विधानसभा, लोकसभा के चुनाव में उसकी क्या भूमिका रही। आपराधिक रिकॉर्ड तो दर्ज नहीं है। पहले किसी भी पद पर रहा तो उसके साथ क्या न्याय किया, कितना काम किया। पद लेकर कहीं घर तो नहीं बैठ गया। पार्टी के आंदोलन, प्रदर्शन व गतिविधियों में हमेशा शामिल रहता है या नहीं। इन सभी गुण-दोषों के आधार पर उसका बायोडाटा तैयार होगा। इसके बाद देखा जाएगा कि विधायक का कट्टर समर्थक या घोर विरोधी तो नहीं है।

### भोपाल से होगी घोषणा..?

भाजपा के आंतरिक लोकतंत्र में मंडल अध्यक्ष के चुनाव का नियम है। लेकिन, हर बार रायशुमारी के बावजूद विधायक और बड़े नेताओं की पसंद का मंडल अध्यक्ष बना दिया जाता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही होने के आसार नजर आ रहे हैं। क्योंकि, दावेदारों की संख्या ज्यादा है। इसको लेकर विधायक और चुनाव लड़ने वाले चाहते हैं कि वह उनके पक्ष का हो। सभी दावेदार अब बड़े नेताओं को धोक देने में लग गए हैं। चुनाव अगले महीने होना है। सूत्रों का कहना है कि इस बार कुछ मंडलों में दावेदारों की संख्या बढ़ सकती है। अगर ऐसा रहा और विवाद बढ़ा तो फिर भोपाल से ही मंडल अध्यक्षों के नाम तय होंगे।

# मिनी स्टेडियम: 22 साल बाद चार गुना ज्यादा महंगा हुआ सपना..!

## कई सीएमओ और नपाध्यक्ष देख चुका कालाखेत मैदान



**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कालाखेत मैदान पर मिनी स्टेडियम का सपना 22 साल में कई नपा सीएमओ और नपाध्यक्ष देख चुका है। अब स्थिति यह हो गई कि जो प्रोजेक्ट शुरुआत में करीब ढाई करोड़ रूपए का था। अब महंगाई के चलते प्रोजेक्ट दस करोड़ तक पहुंच गया है। वहीं अभी भी सपने के पूरा होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। प्रोजेक्ट को लेकर नगरपालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधि दोनों ही गंभीर नहीं है। वर्ष 2002 में बनी इस योजना में क्रियान्वयन के लिए पहले हाउसिंग बोर्ड फिर नगर पालिका को एजेंसी बनाया गया। दो दशक में निर्माण के लिए दो एजेंसी बदलने के बाद भी अब तक स्टेडियम निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ। इसको लेकर विधानसभा में भी सवाल उठा चुका है कि आखिर मिनी स्टेडियम की फाइल कहां अटकी है। इसका जवाब देने नपा के दो इंजीनियर भोपाल भी जा चुके हैं। पर कोई हल नहीं निकल रहा है।

कालाखेत मैदान में मिनी स्टेडियम के सपने ने प्रदेश में भाजपा की चार सरकारों के कार्यकाल देख लिए। कांग्रेस सरकार का 15 माह का कार्यकाल भी इस सपने ने देखा। वर्ष 2002 में भूमिपूजन के समय भी कांग्रेस की सरकार थी और तब मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने मंदसौर आकर शिलान्यास किया था। किन्तु, इसकी फाईल अभी तक किसी न किसी स्तर पर धूल खा रही है। फाइल का पता पूछने के लिए कुछ साल पहले तत्कालीन विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने प्रश्न भी लगाया था। सवाल का जवाब पूछने के लिए भोपाल के अधिकारियों ने मंदसौर नगर पालिका का फोन खड़खड़ाया तो यहां से सहायक यंत्री व उपयंत्री भोपाल गए थे। वहां अधिकारियों ने फाइल खोलकर बताया कि इसमें परिषद का प्रस्ताव कहां है। इसके अलावा अन्य दो तीन कमियां भी बताई। तब दोनों अधिकारियों ने कहा कि अब जो भी परिषद की बैठक होगी, उसमें प्रस्ताव बनाकर भेज देंगे। तब से लेकर अभी तक मामला पेंडिंग ही है।

### 145 में से 104 दुकानें ही बनाई...

वर्ष 2000 में कालाखेत मैदान में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर अनुराग जैन ने रूपरेखा तैयार कराई थी। वे अभी प्रदेश के सरकार के मुख्य सचिव है। उस समय मैदान को सुधारकर यहां हॉकी, बास्केटबॉल के कोर्ट बनाने की कार्य योजना तैयार की गई। स्वीकृति मिलने के बाद 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने शिलान्यास भी कर दिया। हाउसिंग बोर्ड को निर्माण एजेंसी बनाया गया। हाउसिंग बोर्ड को लगभग 145 दुकानें बनाकर बेचना थीं और बदले में स्टेडियम तैयार करना था, पर हाउसिंग बोर्ड ने 104 दुकानें ही बनाई। उसमें से भी कई बिक नहीं पाई। बाद में हाउसिंग बोर्ड ने हाथ खींच लिए। उसके बाद से ही स्टेडियम निर्माण पर रुकावट का दौर शुरू हुआ जो अब तक कायम है।

### एक पीढ़ी की खेलने की उम्र बीत गई, स्टेडियम नहीं बना...

प्रारंभ में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्माण शुरू किया गया। हाउसिंग बोर्ड के हाथ खींचने के बाद निर्माण एजेंसी को लेकर मामला कैबिनेट में सुलझा। बाद में नपा को निर्माण एजेंसी बनाने के बाद शिक्षा विभाग ने जमीन नपा को हस्तांतरित कर दी। नपा ने फाइल तो भोपाल भेज दी, पर उसमें नपा परिषद के प्रस्ताव सहित अन्य कमियां ही रह गई। समय बीतने के साथ ही प्रारंभ में 2.50 करोड़ का यह प्रोजेक्ट अब लगभग दस करोड़ के करीब पहुंच गया। इस कवायद के बीच स्टेडियम निर्माण को लेकर कालाखेत के मिनी स्टेडियम में खेलने का सपना देखनी वाली एक पीढ़ी की तो खेलने की उम्र ही बीत गई।



# अंधेरे में पुलिस ने बहाया पसीना..!

## 45 टीम में 500 पुलिस वालों ने की आरोपियों की धरपकड़

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** रात के अंधेरे में पुलिसने पसीना बहाते हुए कई आरोपियो की धरपकड़ कर डाली। पुलिस की पैतालिस पुलिस टीमों ने रातभर दबिशें दी। इसमें 500 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इस दौरान जिले में एक ईनामी बदमाश, 3 फरारी बदमाश के साथ कुल 263 वारन्टियों को गिरफ्तार कर 402 समंस अर्थात वारन्ट तामील करवाये गये। अवैध शराब माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही कर कुल 29 प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कर 209.54 लीटर अवैध शराब जब्त की। हिस्ट्रीशीटर/बदमाशों की चेकिंग करते कुल 79 निगरानी बदमाशों को चेक किया एवं 86 गुंडा/बदमाशों की चैकिंग की गई।

रात में जिले में अति. पुलिस अधीक्षक मन्दसौर तथा समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियो के नेतृत्व में कांम्बिंग गश्त हेतु 45 पुलिस पार्टिया गठित कर विशेष दिशा निर्देश देकर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस अनुक्रम में मंदसौर पुलिस द्वारा जिले में अपराधियों के विरूद्ध रात्रि में सर्जिकल स्ट्राईक कर 402 वारंटियों के विरूद्ध कार्याही की गई। जिनमें 146 स्थायी वारंटी एवं 112 गिरफ्तारी वारंटियों को जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की गयी हैं।

इस दौरान फरारी बदमाशों की पतासाजी कर सम्पूर्ण जिले में कुल 03 फरार बदमाश वायडी नगर, नई आबादी एवं मल्हारगढ़ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनन्द द्वारा सतत मानिटरिंग एवं विशेष दिशा निर्देशन में गत रात्री को संचालिंत सर्च ऑपरेशन में अवैध शराब तस्करो के विरूद्ध भी प्रभावी कार्यवाही की गई। इस दौरान जिले में कुल 29 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर उनके कब्जे से कुल 209.54 लीटर अवैध शराब जप्त की गयी। इनमें से थाना नाहगरढ़ में 01, दलौदा में 08, मल्हारगढ़ में 04, पिपलिया मण्डी में 01, सीतामऊ में 04, सुवासरा 05, गरोठ में 03, शामगढ, भानपूरा एवं गरोठ में 1-1 प्रकरणो में आरोपियो को गिरफ्तार कर अवैध शराब जब्त की गयी। इसकेसाथ ही असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कर कुल 04 प्रकरणों में कुल 08 अपराधियों के विरूद्रध धारा 151 के विरूद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

# डोडाचूरा और एमडी के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

### दोनों मामलों में पित्याखेड़ी से भेजा गया था मादक पदार्थ?

## चार आरोपी तीन दिन की रिमांड पर, एक को जैल भेजा

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। मादक पदार्थों के तस्करों पर जिले के दो थाना क्षेत्र की पुलिस ने कारवाई करते हुए 120 किलो डोडाचुरा और 70 ग्राम एचडीएमए ड्रग को जप्त कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमे से चार आरोपियों को न्यायालय ने 20 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंपा हैं। जबकि, एक आरोपी को जैल भेजनें का आदेश दिया। आश्चर्य की बात यह हैं कि दोनों मामलो में मादक पदार्थ देने वाले पित्याखेड़ी के युवक बताये गए हैं।**

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद की अगुवाई में यशोधर्मन नगर और पिपलिया मंडी पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों पर कारवाई की है। थाना वायडी नगर टीआई संदीप मंगोलिया ने बताया कि पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान देवडूंगरी तिराहे पर बिना नम्बर की एक सफेद रंग की लग्जरी फार्चयूनर वाहन संदिग्ध अवस्था में तेज गति से आता दिखाई देने पर पुलिस को संदेह होने से उक्त वाहन को मौजूद पुलिस बल द्वारा रोक कर तलाशी ली गई। वाहन में 60 किलो अवैध डोडाचूरा एवं 70 ग्राम एम.डी.एम.ए. ड्रग मिला। जिस पर वाहन सवार आरोपी महेन्द्रसिंह पिता सज्जन सिंह सिसोदिया उम्र 27 वर्ष निवासी पित्याखेडी एवं आरोपी ईश्वरसिंह उर्फ़ बबलू पिता देवीसिंह सिसोदिया उम्र 33 वर्ष निवासी पित्याखेडी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वाहन एवं अवैध मादक पदार्थ जप्त कर दोनो को गिरफ्तार अपराध धारा 8/15/ 22/ 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत् पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दूसरी तरफ थाना पिपलिया मण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया में आकस्मिक वाहन चैकिंग के दौरान एक बिना नम्बर का चार पहिया वाहन तेज गति से आता दिखाई देने पर संदेह होने से मौके पर मौजूद पुलिस बल द्वारा वाहन को नाकाबंदी कर रोका गया। वाहन में सवार व्यक्ति पुलिस की मौजूदगी में भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर मौजूद बल द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना पाया गया। जिसका वजन करने पर कुल 60 किलोग्राम डोडाचूरा होना पाया जाने से वाहन में सवार इमरान पिता मीर गुल खान उम्र 23 वर्ष निवासी दाउदखेड़ी थाना वायडी नगर जिला मंदसौर, ईरफान पिता मीरगुल खान उम्र 22 वर्ष निवासी दाउदखेड़ी थाना वायडी नगर जिला मंदसौर, अमर चन्द पिता दूर्गा लाल रैगर उम्र 25 वर्ष निवासी डिग्गी बाजार, पीर रोड़ अजमेर राजस्थान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वाहन एवं अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त कर थाना वापसी पर तीनो गिरफ्तार शुदा आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत् पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में प्रारम्भिक अनुसंधान एवं पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा उक्त जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ महेन्द्रसिंह पिता सज्जनसिंह सिसोदिया एवं ईश्वर सिंह पिता देवीसिंह सिसोदिया निवासी ग्राम पित्याखेड़ी थाना वायडी नगर जिला मंदसौर से लाना बताया गया हैं। जिस पर उक्त दोनो संदेहीयान की प्रकरण में संलिप्तता पायी जाने से आरोपी बनाया गया हैं। बता दें कि दोनों आरोपियों को भी वायडी नगर पुलिस ने डोडाचुरा और एमडी के साथ गिरफ्तार किया हैं।

# सुवासरा का युवक डोडाचूरा के साथ रतलाम में धराया

**रतलाम, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र का एक आरोपी को रतलाम के आलोट थाना पुलिस ने डोडाचूरा के साथ पकड़ा है। उसके साथ एक पंजाब का युवक भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। यह डोडाचूरा सुवासरा क्षेत्र से ले जाया जा रहा था।

रतलाम जिले में अलग-अलग दिनों में ड्रग्स, गांजा और डोडा चूरा तस्करी के कई आरोपी पकड़ेगए। अब आलोट पुलिस ने विक्रमगढ़ स्टेशन से 400 मीटर दूर ट्रैक किनारे कच्चे रास्ते पर बैठे 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। ये डोडाचूरा लेकर ट्रेन से पंजाब जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने दोनों का रिमांड लिया है। रतलाम पुलिस कप्तान अमित कुमार ने बताया कि आलोट थाना प्रभारी शंकरसिंह चौहान की टीम ने स्टेशन से 400 मीटर दूर पगडंडी वाले कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी की। वहां से आरोपी वीरू पिता गुरुचरण सिंह उम्र 33 साल निवासी रामपुरा मोहल्ला शेरपुरे फाटक जगराव जिला लुधियाना पंजाब एवं प्रधान सिंह पिता गोपालसिंह सौंधिया राजपूत उम्र 32 साल निवासी भरपुर थाना सुवासरा जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 57 किलो 900 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया। इसकी कीमत 1 लाख 15 हजार 800 रुपए आंकी है।

आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। ये सुवासरा तरफ से डोडाचूरा लेकर आए थे। कार्रवाई में थाना प्रभारी चौहान के साथ ही एसआई कुलदीप डाबी.... **शेष पेज 4 पर**

## एसपी स्क्वाड ने बीजेपी नेता को उठाया..?

### घर की तलाशी में मिली कुछ संदिग्ध सामग्री

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार की सुबह जब गुराड़िया लालमुंहा के लोग अपने खेतो पर ध्यान दे रहे थे। उसी समय करीब सुबह 11 बजे मंदसौर एसपी स्क्वाड ने गांव के एक घर में दबिश दी। देर शाम तक ग्रामीणों के साथ ही स्क्वाड द्वारा उठाये गए बीजेपी नेता के परिजन भी यही कहते रहे की हमें तो बताया ही नहीं की कहां की पुलिस या एजेंसी थी। जबरन पकड़ ले गए। जब हमने विरोध किया तो भी जबरदस्ती ले गए।

देर शाम काफी तस्दीक करने पर पता चला की गुराड़िया लालमुँहा के बीजेपी नेता ओमप्रकाश मुकाती को मंदसौर एसपी स्क्वाड ने उठाया था। बाद में भावगढ़ पुलिस को सूचना देकर ओमप्रकाश मुकाती के घर पर दबिश डलवाई गई। जहां से मिली कृषि दवाइयां भी एसपी स्क्वाड अपने साथ लेकर गई। हालांकि, देर रात खबर लिखें जाने तक मामले की पूरी हकीकत सामने नहीं आ पाई थी।

## कुश्ती में मप्र को एक और कांस्य पदक

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में 68-वीं राष्ट्रीय शालेय बालक/बालिका कुश्ती प्रतियोगिता चल रही है। राष्ट्रीय प्रतियोग के दूसरे दिन सोमवार को मध्य प्रदेश को एक और कांस्य पदक मिला।



मध्य प्रदेश के मंदसौर निवासी पहलवान कार्तिक राठौर ने U-14, बालक वर्ग FS- 44 किलोग्राम भार वर्ग में दिल्ली, तेलंगाना, को हराकर कांस्य पदक के लिए कुश्ती में उत्तराखंड को बाइफ़ाल हराया और मध्य प्रदेश को तीसरा पदक दिलाया। कार्तिक की इस उपलब्धि पर इष्टमित्रो, स्नेहीजनों एवं विद्यालय स्टॉफ ने बधाई देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनायें दी।

# धन्यवाद... निमाड़ बनेगा चार जिलों के साथ नया संभाग, मंदसौर हुआ दौड़ से बाहर..?

**मंदसौर/उज्जैन, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के नागरिकों को बहुत उम्मीद थी कि उनके जन अपेक्षा अधिकार के तहत चलाई गई मुहिम जिसमें मंदसौर को नए संभाग का दर्जा देने की मांग के चलते भौगोलिक परिस्थितियों और जनसंख्या के मान से लगभग घोषित हो जाएगा। प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग से छनकर आने वाली खबर ने मंदसौरवासियो को निराश किया है। तीन नए जिले और एक संभाग बनने की खबर सतह पर आ रही है। वह भी 2025 की जनगणना के बाद। अचरज इस बात का है कि दशहरे, दिवाली जैसे त्योहार के बीच पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता मंदसौर को संभाग बनाए जाने की मांग की पूर्ति के लिए नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाए हुए थे। वर्तमान सत्ताधारी दल भाजपा के जिले से ही दो सांसद राज्यसभा सदस्य बंसीलाल गुर्जर तथा तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद चुने गए सुधीर गुप्ता हैं। इसी संसदीय क्षेत्र के आठ में से सात विधायक भी भाजपा के ही हैं। सरकार बीजेपी की है, इसलिए माना जा रहा था कि मंदसौर नया 11वां संभाग बन ही जाएगा। पर, ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है!



चन्द्रमोहन भगत

प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के प्रमुख मनोज श्रीवास्तव मंदसौर कलेक्टर और सदस्य मुकेश शुक्ला जिला पंचायत सीईओ रह चुके हैं। जिला तथा संभाग बनाने के आयोग के अपने मापदंड होते हैं, इनमें सबसे प्रमुख क्षेत्रीय जनमत और उनके प्रतिनिधियों की मांग होती है। अभी तक की प्रगति अनुसार चार जिलों खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, और बड़वानी को मिलाकर निमाड़ संभाग बनाए जाने की भूमिका तैयार हो चुकी है। इसके अलावा तीन नए जिले पिपरिया को नर्मदा पुरम से सिरोंज को विदिशा से तथा बीना को सागर से अलग कर कर बनाया जाना भी तय हो चुका है। इस तरह की घोषणाओं के बाद मध्य प्रदेश में 428 तहसीलों के साथ 55 जिले तथा 11 संभाग हो जाएंगे। इसके अलावा चित्रकूट को नई तहसील बनाया जाएगा और सांची को रायसेन से हटाकर विदिशा में मिलाया जाएगा तो बुधनी को विदिशा से अलग कर नर्मदा पुरम में जोड़ा जा रहा है।

मुलताई को बैतूल से अलग कर पांढुरना जिले में और पीथमपुर को धार से अलग कर इंदौर जिले में शामिल किया जा रहा है। इस तरह के बदलाव का प्रस्ताव लगभग तैयार है। जिसमें मंदसौर का कंही भी किसी भी स्तर पर नाम नहीं है। इन नए संभाग, जिलो और तहसीलों के परिवर्तन भी 2025 की जनगणना होने के बाद ही प्रक्रिया में आएंगे, तब तक घोषणा भी नहीं की जा सकेगी। इस दौरान मंदसौर जनमत और जननेता पूरी ताकत से प्रयास कर पाए तब ही संभव हो पाएगा संभाग की दौड़ में मंदसौर का शामिल हो पाना?

मध्यप्रदेश में डबल एसी ब्लॉक के सर्वश्रेष्ठ निर्माता

बाबजी A C C ब्लॉक

ताकत स्टील जैसी




Stergth 4.5+ MPA
1 CBM
में ब्लॉक की संख्या
4 inch 83 block
6 inch 55 block
8 inch 41 block

ACC ब्लॉक की विशेषताएं....

- लाल और काली ईटों की तुलना में 60 प्रतिशत कम वजनी
- ट्रांसपोर्टेशन और लगाने में आसान
- सीमेन्ट और स्टील का बेहद कम उपयोग
- ध्वनिरोधी ब्लॉक
- अग्नि प्रतिरोधी ब्लॉक
- गर्मी से अत्यधिक बचाव
- ओवर ऑल निर्माण लागत में 20 प्रतिशत की कमी

सम्पर्क करें- हातिम मुस्तफा हुसैन

मो-+91 9009206052, 7869716052, 9238573652

पता- बाबजी इंडस्ट्रियल प्राइवेट लिमिटेड, इंडस्ट्रियल एरिया, झांझरवाड़ा, नीमच (म.प्र.)

## इंदिरा गांधी की जयंती पर शहर कांग्रेस का आयोजन आज होगा

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा जी गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन मन्दसौर पर शहर ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर की ओर से 19 नवंबर को प्रातः 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी देते हुए शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर बताया कार्यक्रम में इंदिराजी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके देश के प्रति योगदान को याद किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ तोमर ने मन्दसौर जिले व शहर के सभी पदाधिकारियों, मण्डलम- सेक्टर पदाधिकारियों, पार्षद, पूर्व पार्षद व पार्षद पद प्रत्याशियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा मोर्चा संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।





# स्काउट्स एंड गाइड की राज्य स्तरीय टोली नायक कैम्प सम्पन्न

**रतलाम, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड के द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य स्तरीय टोली नायक प्रशिक्षण शिविर रतलाम जिले में मारुति एकेडमी सातरुंडा में सम्पन्न हुआ। जिसमें मंदसौर, रतलाम, देवास, भोपाल, विदिशा, सागर, इंदौर के साथ ही हिमाचल प्रदेश राज्य से लगभग 400 स्काउट्स एंड गाइड ने भाग लिया। यह राज्य स्तरीय कैंप मध्य प्रदेश के चीफ कमिश्नर/राज्य अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह पुरावत, राज्य मुख्यालय आयुक्त डॉ. क्षितिज पुरोहित, राज्य आयुक्त कृष्णा राठौर (मावा वाला), गाइड राज्य मुख्य आयुक्त श्रीमती अमिता तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में स्काउट्स एंड गाइड के सामूहिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व कौशल पर ध्यान केंद्रित किया गया। केमपुरी लीडर सहायक राज्य संगठन आयुक्त नीरज शर्मा के द्वारा स्काउट्स एंड गाइड को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण के दौरान स्काउट्स एंड गाइड को पुल, तंबू, द्वार निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, और खाना पकाने जैसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें मार्च पास्ट, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, लोकगीत, शारीरिक व्यायाम, शिविर कला, पायनरिंग, जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समापन कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक सम्मान व पुरस्कार वितरण किया गया जिसके मुख्य अतिथि अजय तिवारी संचालक मारुति एकेडमी, विशेष अतिथि पुष्पराज सिंह, (एनओसी/राज्य सचिव हिमाचल प्रदेश), राज्य मुख्यालय आयुक्त डॉ. क्षितिज पुरोहित, कृष्णा राठौर (मावा वाला), श्रीमती अमिता तिवारी, श्रीमती मधुबाला शर्मा रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड के चीफ कमिश्नर एवं राज्य अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह पुरावत ने की। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की समारोह का संचालन श्रीमती शालिनी सागर ने किया। आभार श्रीमती अमिता तिवारी संचालिका मारुति एकेडमी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रतलाम की व्यायाम शाला द्वारा उच्च स्तरीय मलखंभ विद्या का प्रदर्शन किया गया। मलखंब दल के प्रशिक्षकों ने स्काउट्स एंड गाइड को प्रशिक्षण भी दिया। इस कैंप में सेंट थॉमस एकेडमी स्कूल भोपाल, इंटरनेशनल स्कूल भोपाल, राज हाइट्स ग्लोबल स्कूल भोपाल, होली क्रॉस स्कूल भोपाल, दशपुर विद्यालय मंदसौर, सेंट जोसेफ स्कूल सागर, इंटरनेशनल स्कूल अयोध्या नगर भोपाल, सेंट जॉर्ज स्कूल भोपाल, माउंट कार्मल स्कूल भोपाल, ज्ञान ज्योति स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल रतलाम, नाहर ग्लोबल स्कूल रतलाम, सहित हिमाचल प्रदेश राज्य के 10 स्कूलों ने भाग लिया।

# 'भारत में सहिष्णुता' विषय पर व्याख्यान सम्पन्न

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत दिनांक 16 नवम्बर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर महाविद्यालय में भारत में सहिष्णुता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.पाटीदार द्वारा विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि सभी की बातों को खुले मन से स्वीकार करना चाहिए और दैनिक वातावरण में सहिष्णुता को अपनाना चाहिए। विश्व में आज असहिष्णुता के कारण माहोल बिगडता जा रहा है। अतः अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सहिष्णुता की आवश्यकता है। विषय विशेषज्ञ के रूप में डा.उमा गगरानी ने उक्त विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। आपने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा मानवता और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। व्यक्ति अपने व्यक्तित्व में सहिष्णुता को आत्मसात कर लें तों राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु अन्र्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है। उन्होने बताया कि नानक, कबीर, रैदास, सूरदास के समय जो सहिष्णुता प्रांरभ हुई थी उसे महात्मा गांधी ने आगे बढ़ाते हुए सहिष्णुता के बल पर ही भारत को आजादी दिलवाई। उन्होने अपने वक्तव्य में बताया कि हमें अहम को छोड़कर सहिष्णुता को अपनाना चाहिए एवं दूसरों की बात का अचानक विरोध न करते हुए बात को सोच समझकर ही अपनी बात रखनी चाहिए। हर्षिता पिता रघुवीरसिंह गोड एम.ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ने भी विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें सहिष्णुता को अपने जीवन मे उतारना चाहिए।

डा.निरंजन गंगवाल संयोजक द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत दिनांक 19, 20, 21 नवम्बर 2024 से महाविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताओं पोस्टर, निबंध, भाषण, लोकनृत्य एवं लोकगीत के बारे में छात्राआं को जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं अनेक छात्रायें उपस्थित थी। संचालन डा.अंजली जैन एवं आभार डा.निरंजन गंगवाल ने माना।



# बजरंगदल द्वारा हुतात्मा दिवस पर 16 यूनिट रक्तदान किया

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा आज मन्दसौर जिला चिकित्सालय में पहुँचकर हुतात्मा दिवस के अवसर पर 16 यूनिट रक्तदान किया जो जिला अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद मरीजों के काम आएगा।। 30 अक्टूम्बर से 02 नबम्बर 1990 में अयोध्या में हुई कारसेवा में शहीद हुए रामकोठारी व शरद कोठारी के साथ अनेको कारसेवकों म की स्मृति में प्रतिवर्ष बजरंगदल हुतात्मा दिवस मनाकर शहीद कार्यकर्ताओ को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सम्मान में रक्तदान करता है जो जरूरतमंद लोगों के काम आ सके।। आज विहीप जिला मंत्री हेमन्त बुलचंदानी के साथ जिला चिकित्सालय में पहुँचे विहीप बजरंगदल कार्यकर्ताओ द्वारा जिला चिकित्सालय मन्दसौर में 16 यूनिट रक्तदान किया इस अवसर पर अमरदीप कुमावत, गौरव शर्मा, गोविंद नागदा, अंतिम देवड़ा, मनीष भाटी, विक्की गोसर, लकी गोसर, अंकित चौहान, अजय सांवरिया, ललित सिसोदिया, सूरज कुमावत, रितेश मतराणा, महेश धाकड, अनिल जाट, महेंद्र सिंह, विकास लोड, प्रेमसिंह मोंगिया, अर्जुन सिंह मोंगिया, विकास सूर्यवंशी, प्रेमसिंह, आयुष भटेवरा, बृजराजसिंह सिसोदिया, देवेंद्र कुमावत एवं आयुष लोहार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देशी गाय का दूध अमृत समान, इसका ही सेवन करें

## स्वदेशी जागरण मंच ने गौमाता को आहार कराया



**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच जिला मंदसौर द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना कर उनको हरा चारे और गुड का आहार कराया। तथा सभी से देशी गाय का दूध सेवन करने का आव्हान किया

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि देसी गाय का दूध अमृत समान होता है। यह स्वास्थ्य के लिए काफी लाभप्रद होता है। इसमें विटामिन की प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। देसी गाय के दूध में ही रेडियो एक्टिव विकिरणों से होने वाले रोगों से बचाने के तत्व पाए जाते हैं। देसी गाय के दूध में सेरिब्रो साइड होता है जो बुद्धिवर्धक होता है। देसी गाय के दूध में अधिक से अधिक तेज तत्व और कम से कम पृथ्वी तत्व होता है जिससे व्यक्ति प्रतिभा संपन्न होता है। इसके विपरीत विदेशी नस्ल की गायों के दूध में यह सभी गुण नहीं पाए जाते साथ ही कहा जात है कि विदेशी नस्ल की गायों के दूध से आदि अनेक बीमारियां होती है। इसलिए देसी गाय का दूध ही फायदेमंद होता है। इसलिये सभी देशी गाय का दूध का सेवन करे जिससे गौमाता की सेवा, सम्मान और संवर्धन भी हो पायेगा जो हमारा नैतिक कर्तव्य भी है। हमारी संस्कृति और परंपरा में गौमाता का श्रेष्ठ स्थान है। 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास गौमाता में होता है। जिस तरह से हम मानव की सेवा करते हैं, उसी तरह से गाय की सेवा करेंगे तो हमें आशीर्वाद मिलेगा। गौमाता की सेवा से हमें ऊर्जा और शक्ति मिलती है। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक दिलीप व्यास, विभाग सहसंयोजक अंकुश पालीवाल, जिला संयोजक दिलीप चौधरी, जिला संपर्क प्रमुख डॉ हेमंत नामदेव, वरिष्ठ नागरिक आयाम प्रमुख राजेश शुक्ला, तहसील सह.संयोजक रविंद्र सिंह जादौन, नगर संयोजक कनिष्क शर्मा, नगर प्रचार प्रमुख उदित जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अहिंसा परम धर्म है और पर निन्दा महापाप है-बैरागी



**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। वरिष्ठसाहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि महाकवि तुलसीदास ने अहिंसा को परम धर्म और पर निन्दा को महापाप बताया। इसे जो अपने आचरण मे अपनाता है उसका जीवन सार्थक होता है। आपने कहा कि सद्गृहस्थ के लिये यह निर्देश है कि वे गाय को चारा, कुत्ते को रोटी, पक्षी को दाना, चीटियो को आटा व मछलियो को आहार प्रदान करे। परोपकार पुण्य है और पर पीडा पाप है। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि दुख और तनाव का कारण जीवन के प्रति विकृत दृष्टिकोण है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन मे सुख और दुख वैसे ही आते जाते है जैसे दिन के बाद रात और रात के बाद दिन आता है। विकट से विकट स्थिति पैदा होती है और चली जाती है। इसलिये अपने दुख को तनाव मे परिणित न होने दे। सभी रोगो, मानसिक अशांति और जीवन के दुराचरण का कारण तनाव होता है। इसलिये तनाव से दुर रहना सुख शांति के लिये आवश्यक है। अपनी समस्याओ के समाधान के लिये पुरजोर प्रयास करना उचित है किन्तु अंत मे सब कुछ नियति पर छोड देना चाहिये। जो तनाव पर विजय प्राप्त कर लेता है उसका जीवन आनंदपूर्ण बनता है। आपने कहा कि पाप दुख के कारण है। सदाचार से सुख मिलता है। विधि व्याख्याता श्री सुनील बडोदिया ने कहा कि दीपावली का पर्व जीवन प्रसन्नता का निमित्त है। स्वास्थ्य, सौन्दर्य, सद्विचार, सम्पन्नता, प्रकृति प्रेम व पारीवारिक सौजन्यता का माध्यम है। श्री जगन्नाथ थारेचा, श्री यशवंत प्रजापति, श्री राजकुमार जसवंत, श्री अभय कुमार जैन, श्री विनोद चैबे ने गीत व भजन प्रस्तुत किये। डॉ.बी आर नलवाया, कृष्णकुमार जोशी, भेरूलाल पटेल, प्रदीप जैन, अमृतराम सुनार्थी, जितेन्द्र भाटी, सत्यनारायण भूरिया, महेन्द्रसिंह टुटेजा, त्रिलोचनसिंह छाबडा, ने संवाद मे सहभागिता की। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने गतिविधियो की जानकारी, संचालन आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।



## श्री सांई पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन

**दलौदा, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री सांई पब्लिक स्कूल, दलौदा में अध्यनरत बालिका सीनियर वर्ग में धारना पिता हरिश्चंद्र धनगर (कक्षा 9वीं) गांव अफजलपुर, मीनाक्षी पिता राजाराम धनगर (कक्षा 9वीं) गांव अफजलपुर, अंबिका पिता ओमप्रकाश पाटीदार (कक्षा 12वीं) गांव पालडी एवं बालक सीनियर वर्ग में निश्चय शर्मा पिता अमित विश्वास (कक्षा 12वीं) गांव दलौदा का राज्य स्तरीय सीनियर बालक/ बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता मे चयन हुआ है। खिलाडियों के चयन होने पर संस्था संचालक मोहसिन अख्तर, सहायक संस्था संचालक नबील अख्तर एवं खेल प्रशिक्षक दिनेश धाकड, अभिषेक सेठिया, सपना धाकड, जयेश माली, आरती चंद्रावत, एवं समस्त विद्यालय परिवार ने चयनित खिलाडी एवं उनके परिवारजन को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## पति सहित 2 पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रतापगढ़ बारी दरवाजा निवासी समीरा बेग पठान ने पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा निकाह 2017 में पिपलियामंडी निवासी रफीक पिता रईस बेग से हुआ था। उसके बाद मेरे दो बेटियां भी है। मैं वर्तमान में ससुराल पिपलियामंडी थी, जहां सास नजमा से घरेलू विवाद हो गया, मैंने मेरे पिता मोहम्मद सलीम व मां नरगिस को बुलाया। तो मेरे पति रफीक व उसके दोस्त फिरोज ने मेरे व मेरे पिता व मां के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## नामान्तरण कराने के लिए दिए रुपए मांगे तो दम्पत्ति को पीटा

**पिपलियामंडी, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुकान का नामान्तरण कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए लेने के बाद भी नामान्तरण नही कराया। रुपए मांगे तो मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया। महावीरगंज निवासी विनोद धोबी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बायपास मार्ग पर बोहरा मस्जिद के पास निवासरत ललित पिता ओमप्रकाश शर्मा ने मेरी दुकान का नामान्तरण कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए लिए थे। लेकिन नामान्तरण नही कराया। रुपए वापस मांगे तो गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी पत्नी रेखा व बेटी महक को भी चोंटे आई। पुलिस ने ललित के खिलाफ केस दर्ज किया।

# सम्मान लेने वाले से सम्मान देने वाला बड़ा होता है-निडर



**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सम्मान पाना एक अलग बात है पर सम्मान देना उससे भी बड़ी बात है उक्त विचार दिलीप सेन निडर कयामपुर ने अजयपुर मे व्यक्त किये। श्री सेन ने कहा की सामाजिक क्षेत्र मे कार्य कतरे करते सालों गुजर गये लेकिन आज मुझे श्रीकृष्णानंद गुजारती सेन समाज संस्थान की और से जो प्रशंसापत्र सम्मान के रूप मे मिला वह मेरे और मेरे परिवार के लिए यह अमुल्य धरोहर है। सामाजिक आयोजन मे संस्थान के जिलाध्यक्ष बलराम राठौर कचनारा एवं सचिव अशोक परमार ढिकोला वालें ने अजपुर के देवड़ा सेन शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना पत्र देकर उनके सुखदुख मे सामाजिक सहयोग की बात कही। श्री राठौर ने कहा की सेन समाज मे युवा एकता एवं महिला जागरूकता को बढ़ावा मिले ऐसे हमरे प्रयास हो। शिक्षा के महत्व को समझते हुए सेन समाज को एकता बनानी होगी ताकि समय समय पर हमारे समाज का नाम अन्य समाज की भांती ख्याती प्राप्त करता रहे। अजयुपर मे इस अवसर पर श्री कृष्णानंद गुजारती सेन समाज संस्थान जिलाध्यक्ष बलराम राठौर, जिला सचिव अशोक परामर व समाज के वरिष्ठ कचरूलाल सेन ढंढेड़ा, दिनेश सोलंकी सुवासरा, मुकेश सेन सुवासरा, भगतराम राठौर कचनारा, श्यामलाल चौहान मेलखेडा, मंगल सेन नाहरगढ़, जगदीश सेन नाहरगढ़, प्रकाश सेन ढाबला महेश, मदलाल सेन दसोरीया, गावर्धनलाल घसोई, शातिलाल सेन भावगढ़, आदी मौजुद थे।

## जल जीवन मिशन एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**नीमच, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ ता मिशन की बैठक आज 19 नवम्बर 2024 को अपरात 04:30 बजे कलेक्टोरेट सभागृह नीमच में आयोजित की गई है। बैठक में मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही गांधीसागर समूह जल प्रदाय योजना-2 के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## विभागीय प्रोजेक्टस के लक्ष्य तय कर पूर्ण करना सुनिश्चित करे-चन्द्रा

**नीमच, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रस्तावित विभिन्न प्रोजेक्ट के लक्ष्य तय कर समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से एक-एक कर चर्चा कर उन्हेंर विभागीय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की बैठक में वन विभाग को 15 दिसम्बर तक बांस ट्रांसप्लांट के लिए 200 हैक्टयर क्षैत्र का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रा ने निर्देश दिए, कि कृषि विभाग को 15 दिसम्बर तक 2 सोईल टेस्टिंग लैब एवं 31 दिसम्बर तक 15 हैप्पी सीडर का लक्ष्य पूर्ण करने की समय सीमा तय की। साथ ही 28 फरवरी 2025 तक सभी अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, डिप्टी कलेक्टंर श्री चंद्रसिंह धार्वे, वनमण्लांधिकारी श्री एस.के अटोदे उपस्थित थे।

# अफीम काश्तकारों को पूरी पारदर्शिता के साथ अफीम लाइसेंस जल्द दिए जाएं-सांसद

## सांसद गुप्ता ने नारकोटिक्स आयुक्त ग्वालियर को लिखा पत्र



**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने नारकोटिक्स आयुक्त ग्वालियर को एक पत्र के माध्यम से लिखा है कि अफीम बुवाई का समय चल रहा है ऐसे में लाइसेंस जारी करने की जो प्रक्रिया है उसे विभाग द्वारा जल्द पुरी की जाए और शीघ्र अफीम काश्तकारों को लाइसेंस दिया जाए ताकि वह समय पर उक्त फसल की बुवाई कर सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अफीम लाइसेंस की प्रक्रिया के दौरान किसी भी किसान से लेनदेन की शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस कार्रवाई या सख्त कार्रवाई करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार अफीम किसनों को पूरी पारदर्शिता और सरलता के साथ अफीम लाइसेंस जारी करने की नियमावली से कार्य कर रही है तो उसका समुचित लाभ उचित समय पर अफीम किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने पत्र के माध्यम से नारकोटिक्स आयुक्त ग्वालियर को लिखा कि अफीम लाइसेंस प्रक्रिया के दौरान समुचित प्रक्रिया पारदर्शी होना आवश्यक है साथी उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है तो उसका लाभ विभाग के जरिए तुरंत किसान भाइयों को मिलना चाहिए।

## सभी विद्यार्थियों की बनाई जा रही है अपार आईडी

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) भारत के सभी विद्यार्थियों की स्कूलों के माध्यम से बनाई जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संरेखित करते हुए यह पहल केंद्रीय सरकार द्वारा की गई है। वन नेशन वन स्टूडेंट के तहत यह विशेष पहल की जा रही है। अपार आईडी निर्माण के नोडल अधिकारी आनंद डावर सहायक संचालक शिक्षा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंदसौर ने बताया की अपार आईडी बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों के पालकों की बैठक आयोजित की गई है तथा उनसे सहमति पत्र भरवारा गया है। अपार आईडी 12 अंकों की होती है इसमें छात्रों के शैक्षिक रिकार्ड, परिपलब्धियां और अन्य जानकारियां होती है। यह आईडी विद्यार्थियों के शैक्षिक इतिहास का एकीकृत डाटाबेस तैयार करती है।

## रहवासियों को मिली सीसी की सौगात

**पिपलियामंडी, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 और 13 में सोमवार को सीसी सड़क का शुभारंभ हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया ने बताया अतिशीघ्र नगर के 15 ही वार्डों में 20 और सीसी सड़क निर्माण कार्यो की सौगात मिलने वाली है। क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के आशीर्वाद से नगर के 15 ही वार्डों में एक भी सड़क नालियों से वंचित नहीं रहेगा। आगे उन्होंने बताया कि अभी फिलहाल में कई वार्डों में सीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, उनकी समय-समय पर मॉनिटरिंग की जा रही है, साथ ही ठेकेदार को अच्छी सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपयोग करने के निर्देश दिए गए है।



## पार्षद व समाजसेवी बंसल ने एक और निराश्रित दिवंगत महिला का अंतिम संस्कार किया

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** समाजसेवी और पार्षद सुनील बंसल ने एक और निराश्रित दिवंगत महिला का अंतिम संस्कार किया। श्री बंसल को जिला चिकित्सालय चौकी प्रभारी ने फोन लगाकर बताया की एक अज्ञात महिला का स्वर्गवास हो गया उनका अंतिम संस्कार करना है। इस पर श्री बंसल ने नगर पालिका के जाकिर भाई को फोन लगाकर शव वाहन की बोला और अन्तिम क्रिया का सामान लेकर शवयात्रा को शिवना स्थित मुक्तिधाम पर लाये व सनातन व हिन्दू धर्म के रीति रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया। इस पुनीत कार्य में शव वाहन संचालक जसवंत राठौर भी साथ थे। स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ का भी सहयोग रहा। मुक्तिधाम पर दिवंगत को श्री बंसल ने मुखाग्नि दी। दिवंगत महिला की उम्र करीब 75 साल है व उनकी पहचान नाम रूपा पति खेमा के रूप में हुई है।

# सरस्वती बस्ती में कुष्ठ रोग निदान शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट ताहिरपुर, मंदसौर रेडक्रास सोसायटी, मंदसौर सेवा भारती समिति एवं केशव स्मारक समिति मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठ रोग निदान शिविर का आयोजन सरस्वती बस्ती मंदसौर में आयोजित किया गया जिसमें समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट से आई चिकित्सकों की टीम एवं मंदसौर जिला चिकित्सालय की टीम ने मिलकर स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं दवाई का वितरण भी किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संघचालक श्री दशरथ सिंह झाला, रेडक्रास के अध्यक्ष श्री प्रीतेश चावला, विभाग सेवा प्रमुख श्री नारायण सिंह राठौर ने दीप प्रज्वलन कर किया। स्वागत सेवा भारती समिति के सचिव गिरजा शंकर मोदी ने जिला संघचालक, रेडक्रास के अध्यक्ष, विभाग सेवा प्रमुख का एवं रेडक्रॉस के उपस्थित संचालकों का किया स्वागत किया और जानकारी में बताया कि समर्पण फाउंडेशन द्वारा मध्यप्रदेश के 12 जिलों में 23 बस्तियों में यह चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसका आज मंदसौर में अंतिम शिविर है। इस दौरान फाउंडेशन की डॉ संतोष रानी ने कुष्ठरोग को लेकर जो सेवा कार्य किए जा रहे है उसकी जानकारी दी। जिला संघचालक श्री झाला ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग एवं व्यक्ति का स्वस्थ रहना राष्ट्र के लिए अनिवार्य है। विभाग सेवा प्रमुख श्री राठौर ने कहा कि सभी के स्वस्थ रहे और कोई रोग से पीडित न हो तभी समाज उन्नति सही तरीके से कर सकता है। रेडक्रॉस अध्यक्ष श्री चावला ने कहा कि सेवा के कार्य में रेडक्रॉस कार्य करती ही है और सदैव सेवा कार्य करती रहेगी। शिविर में समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट से चिकित्सक डॉ संतोष रानी एवं सहयोगी तरुण कुमार, अंकितनकुमार, रोहित कुमार, संदीप कुमार मंदसौर जिला चिकित्सालय से डॉ सपना राठौर, डॉ छवि आसवानी, डॉ प्रीति जी वास्केल एवं टीम ने चिकित्सा सेवाएं दी। जिसमें 112 रोगियों का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में सेवा भारती मंदसौर के पिंकेश चोरडिया, गोपाल परवानी, केशव स्मारक समिति से सचिव सुरेश कालानी, रेडक्रॉस समिति से मानसेवी सचिव राहुल चौहान, कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, संचालकगण राजेश नामदेव, आशीष खमेसरा, चंद्रशेखर निगम एवं पुरुषोत्तम भट्ट और बस्ती निवासी उपस्थित रहे। आभार रेडक्रॉस के मानसेवी सचिव श्री राहुल चौहान ने माना।




## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 248 | 2200 | 2400 |
| उडद | 136 | 5500 | 7080 |
| सोयाबीन | 6500 | 4140 | 4480 |
| गैहु | 2950 | 2681 | 3280 |
| चना | 228 | 5800 | 6311 |
| मसुर | 165 | 5850 | 6400 |
| धनिया | 160 | 5451 | 6942 |
| लहसुन | 12500 | 18000 | 34000 |
| मैथी | 650 | 4911 | 6711 |
| मुंगफली | 8500 | 3501 | 5501 |
| अलसी | 1880 | 5700 | 6150 |
| सरसो | 367 | 5750 | 6196 |
| तारामीरा | 8 | 3901 | 4371 |
| इसबगोल | 50 | 10500 | 12460 |
| प्याज | 10000 | 1500 | 3900 |
| कलोंजी | 10 | 15669 | 18069 |
| तुलसी बीज | 4 | 14000 | 20591 |
| डॉलर | 50 | 7001 | 12851 |
| तिल्ली | 32 | 93001 | 12301 |
| जौ | 25 | 2421 | 2580 |
| मटरसुखी | 12 | 4600 | 7293 |
| असालीया | 15 | 12100 | 12800 |
| मूंग | 4 | 3700 | 4800 |

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला, चार नामजद

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दो साल पहले शादी में नाचने की बात पर हुए विवाद में समझौता होने के बाद भी एक युवक पर चाकुओं से हमला कर घायल कर दिया। मामले में वायडी नगर पुलिस ने चार युवकों को नामजद किया है। घटना शनिवार-रविवार दरमियानी रत की है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो परिजन सोमवार को एसपी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे। वायडी नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या बस्ती में रहने वाले हेमन्त पिता देवीलाल भोई उम्र 27 साल से शहर के भोईवाड़ा निवासी अर्जुन पिता दिलीप भोई से दो साल पहले शादी में नाचने की बात पर विवाद हुआ था। दोनों परिवारों के बीच समझौता भी हो गया था। लेकिन रंजिश खत्म नहीं हुई।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात आरोपी अर्जुन अपने साथी लखन भोई, विनोद भोई और महावीर भोई को लेकर अयोध्या बस्ती पहुंचा और फरियादी हेमन्त को मिलने बुलाया। जहां चारों आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और चाकुओं से हमला कर दिया। परिजन उसे लेकर बड़े अस्पताल पहुंचे और उपचार शुरू करवाया। पुलिस के अनुसार आरोपी व फरियादी के बीच शादी में नाचने की बात पर 2 साल पहले विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर फरियादी व आरोपियों के बीच रंजिश चल रही थी।

### कॉल कर मिलने बुलाया...

फरियादी ने बताया कि वो घर पर था। उसे कॉल कर मिलने बुलाया। वहां 8-10 लड़के थे। उसके पहुंचते ही उन लड़कों ने उसके साथ शादी में नाचने वाली रंजिश को लेकर मारपीट की। लड़कों ने उसकी जांघ पर चाकुओं से तीन चार वार किए। मैने किसी तरह घरवालों को फोन किया। वे मुझे अस्पताल लेकर आए।



**सफेद सोना-** कृषि उपज मंडी मंदसौर में शनिवार-रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को सफेद सोना लहसून व प्याज की भरपूर आवक रही। कई वाहनो को मंडी के पीछे के गेट पर रोका गया। जिससे वहां जाम की स्थिति बनी रही। बता दें कि लहसून व प्याज के इन दिनो अच्छे भाव मिल रहे है।



## 108 एंबुलेंस में हुआ जुड़वा बच्चों का जन्म

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** एक बार फिर 108 एंबुलेंस स्टॉप द्वारा गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया है। महिला ने दो जुड़वा स्वस्थ बालकों को जन्म दिया है।

ममता पति मोहन नाथ उम्र 27 वर्ष कोलवा को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहरगढ़ ले जाने के लिए इमरजेंसी 108 पर कॉल किया। बूढ़ा की इमरजेंसी 108 समय पर पहुंची और महिला को लेकर नाहरगढ़ अस्पताल जा रही थी की निरधारी रास्ते पर ही महिला को प्रसव पीड़ा अधिक होने लगी, उसके बाद एंबुलेंस को रास्ते में ही रोक कर एंबुलेंस में ड्यूटी पर उपस्थित ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन हेमंत दुबे और पायलट शाहिद मोहम्मद ने स्थिति को देखकर प्रसव कराने का निर्णय लिया। महिला ने दो जुड़वा स्वस्थ शिशुओं को जन्म दिया। कुछ समय के बाद जच्चा बच्चा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहरगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती करवाया गया। जहां पर जच्चा-बच्चा दोनों ही स्वस्थ है। परिजनों ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा दी गई स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए एंबुलेंस में उपस्थित स्टाफ को धन्यवाद दिया।

### मामला अवैध से वैध हुई कॉलोनियों का...

# अधिकारी निभा रहे कॉलोनाइजरों से दोस्ती..!

## कॉलोनाइजरों को बचाने के लिए भेजी अधूरी जानकारी

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अवैध से वैध होने के बाद भी कॉलोनीवासियों को कितनी राहत मिल पाई, यह एक अलग मुद्दा है। लेकिन, पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान के निर्देशों पर अधिकारियों की कॉलोनाइजरों से दोस्ती भारी पड़ी। शिवराज सरकार ने अवैध कॉलोनी को वैध कॉलोनी करने के साथ ही अवैध कॉलोनी बनाने वालों पर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश भी दिए थे। रतलाम सहित प्रदेश में कई जगहों पर कारवाई हुई। लेकिन, मंदसौर में अधिकारियों ने जानबुझकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पुलिस को जानकारी जरुर भेजी गई, लेकिन आधी अधूरी जानकारी भेजकर कॉलोनाइजरों को अभयदान दे दिया गया। इस कार्यप्रणाली से कहीं न कहीं नगरपालिका के जिम्मेदारों पर सवाल खडे हो रहे हैं।

शहर में वर्ष 2016 तक की चिन्हित अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। तत्कालीन सीएम शिवराजसिंह चौहान ने अवैध कॉलोनियों को लेकर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। प्रदेश में कई जगहों पर कार्रवाई की गई। धड़ल्ले से नगरीय निकायों ने पुलिस की मदद से एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन मंदसौर की स्थिति देखकर आसानी से अधिकारियों और कॉलोनाइजरों की मित्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। सीएम के निर्देशों के बाद भी मामले को जानबुझकर आगे बढने नहीं दिया। सिर्फ कागजों में खेलते हुए नजर आए।

राजस्व केमामलोंमेंजानकारी रखने वालों की माने तो खानापूर्ति के नाम पर थानों में सिर्फ पत्र पहुंचाने से प्रक्रिया नहीं होती। कलेक्टर के यहां प्रकरण चलने के बाद एसडीएम को व फिर एसडीएम द्वारा इसका ऑर्डर होता है। इसके बाद राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार या संबंधित अधिकारी फरियादी बनकर पुलिस को शिकायत करता है। इसके बाद पुलिस संबंधित कॉलोनी व इसके कॉलोनाइजर के खिलाफ शिकायत करती है। इसमें भी संबंधित कॉलोनी के पंजीयन, पटवारी द्वारा तैयार ट्रेस नक्शा, प्लॉट या मकान धारकों के बयान सहित अन्य जानकारी की आवश्यकता होती है। अधूरी प्रक्रिया या शिथिलता होने के कारण नपा का रवैया कॉलोनाजरों के प्रति सख्त नहीं दिखा। इसी के चलते अब तक कोई खास कार्रवाई नहीं हुई।



## भारतीय ज्ञान परम्परा के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी .सी .गुप्ता ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आज दिनांक 18 नवंबर 2024 को एकेडमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। सर्वप्रथम रामचरितमानस की प्रासंगिकता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर अर्पित परमार, द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी तथा तृतीय स्थान पर राधिका बैरागी रहे ।इसके उपरांत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा और पर्यावरण संरक्षण था। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी मेहरू द्वितीय स्थान राधिका बैरागी तृतीय स्थान प्राची सोनी ने प्राप्त किया। इसके उपरांत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पोस्टर निर्माण किया, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हिमशिखा यादव द्वितीय स्थान पर रितिका शर्मा तृतीय स्थान पर भाग्यश्री यादव रहे। इस अवसर पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेश जी चंदवानी जी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। दिनांक 19 नवंबर 2024 को लोक नृत्य, लोकगीत एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय में किया जाएगा। प्रत्येक प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी जिला स्तर पर सहभागिता करेंगे।

## मध्यप्रदेश में निवेश के लिए इंग्लैंड और जर्मनी जाकर देंगे निवेशकों को निमंत्रण-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में निरंतर नया निवेश आ रहा है, इसलिए मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ेगा। प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का क्रम जारी है। दिसम्बर माह में नर्मदापुरम के बाद शहडोल में भी संभाग स्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कॉन्क्लेव रीजनल होने के बाद भी प्रादेशिक और राष्ट्रीय महत्व के हैं। फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन होगा, जिसके लिए इंग्लैंड और जर्मनी यात्रा में मेरे द्वारा निवेशकों को आमंत्रित देने का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि ग्लोबल समिट के पूर्व रीजनल कॉन्क्लेव का आयोजन हर संभाग स्तर पर हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें इस बात का गर्व है कि हमारे हर संभाग में चाहे ग्वालियर हो, सागर हो, रीवा हो, जबलपुर हो, उज्जैन हो, हर जगह कॉन्क्लेव सफल रही। प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। कम्पनियां बड़े पैमाने पर रोजगार देने को तैयार हैं। आई टी पार्क के लिए इन्वेस्टमेंट आ रहा है, एमएसएमई के लिए भी निवेश आ रहा है। प्रदेश में हेवी इन्डस्ट्री के लिए निवेश आ रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनर्जी सहित अन्य सेक्टर्स के लिए आ रहा निवेश भी महत्वपूर्ण है। इन सब सेक्टर्स में लगभग तीन लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट आ रहा है। ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश तो आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सरकार बनने के बाद हमने ने तय किया कि वह रोजगार परक उद्योग के साथ जीडीपी भी बढ़ाएं और लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराएं। इस सिलसिले में इंग्लैंड और जर्मनी की यात्रा में निश्चित ही लाभ मिलेगा। जहाँ निवेशक मिलेंगे वहाँ हम जरूर जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम तो यह चाहेंगे कि विपक्ष भी सकारात्मक भूमिका निभाए। विपक्ष अपने इन्वेस्टर्स को लेकर आए। मध्यप्रदेश का भला इसी में है कि हम पक्ष-विपक्ष से बाहर आएं।

## ब्रह्माकुमारी ने मनाया विश्व यादगार दिवस, दी श्रद्धांजलि



**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने नयाखेड़ा स्थित सद भावना सरोवर पर रविवार को विश्व यादगार दिवस मनाया और सड़क दुर्घटना के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाई-बहनों ने मोमबत्ती जलाकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी हेमा दीदी ने राजयोग द्वारा सुरक्षित यात्रा विषय पर बोलते हुए कहा, 'विश्व यादगार दिवस हमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करता है।सड़क दुर्घटना का शिकार होने का मुख्य कारण यह है कि जहां हमारा तन होता है वह हमारा मन नहीं होता हमारा मन व्यर्थ , नेगेटिव बातों में या इधर-उधर भटकता रहता है ,हमारे विचारों पर नियंत्रण ना होने के कारण हम वाहनों की गति पर भी नियंत्रण नहीं कर पाते हैं क्योंकि आज की भागमभाग भरी जिंदगी में हम अधैर्य होते जा रहे हैं, अगर हमारे अंदर धैर्यता तथा शान्ति आ जाएगी तो हमारे जीवन में और हमारे कर्मों में निश्चित रूप से शान्ति आ सकती है, जिससे इस प्रकार की घटनाओं में अप्रत्याशित कमी आएगी। इसके लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा राजयोग का अभ्यास कराया जाता है जिसमें मन के विचारों को नियंत्रण करना तथा मनोबल बढ़ाना सिखाया जाता है। अगर विचार नियंत्रित होंगे तो कर्म अपने आप नियंत्रित हो जाएंगे। इस दौरान ब्रह्माकुमारी बहनो द्वारा सड़क दुर्घटनाओ मे पीड़ित, विश्व की दु:खी,अशान्त ,निर्बल आत्माओं तथा उनके परिजनों को मानसिक शांति तथा संबल प्रदान करने हेतु कॉमेंट्री द्वारा योग कराया गया जिसमे एक घंटा सभी भाई बहनो ने विश्व शांति के लिए राजयोग का अभ्यास कर योग का दान दिया।

## विधायक मारू ने किया 2.11 करोड़ के शॉपिग काम्पलेक्स निर्माण का भूमिपुजन

### नगर परिषद ने किया आयोजन, तीन मंजिला बनेगा काम्पलेक्स

**मनासा, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। रानी लक्ष्मी बाई मार्ग चौराहा पर करीब 2 करोड 11 लाख की लागत से नगर परिषद द्वारा बनने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण का भूमिपूजन किया गया। विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी, भाजपा मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष मुकेश डांगी, सीएमओ अमरदास जी सेनानी, उपाध्यक्ष किशोर जी जोलान्या, कॉलेज जन भागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विन सोनी, कैलाश आगार, मण्डल महामंत्री परसराम वर्मा, सत्यनारायण जी सोडानी आदि मंचासीन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ।**



मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर मंचासिन अतिथियों ने शॉपिंग काम्पलेक्स का भूमिपुजन किया। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा तिवारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विधायक मारू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर वासियों को महत्वपूर्ण सौगात मिलने की बधाई शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा भाजपा सरकार विकास की बात करती है जहां जरूरत है सबसे पहले वहां काम करते है। नगर परिषद का शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से जहां उक्त चौराहे का सौंदर्यीकरण होगा वही नगर का व्यापार बढ़ेगा और परिषद की भी आय होंगी जिससे नगर विकास को प्रगति मिलेगी। विकास के मामले में मनासा लगातार तरक्की कर रहा है। मनासा को एक और बायपास निर्माण की सौगात मिलेगी। नीमच झालावाड मार्ग भी स्वीकृत होगा मुख्यमंत्री द्वारा इसकी घोषणा की जा चुकी है। अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी ने कहा राजस्व में 38 लाख की प्रिमियम जमा कर नगर परिषद ने यह जमीन ली और कहा उक्त शॉपिंग काम्पलेक्स मे 26 दूकाने बनेगी। 13 बाय 25 की दूकाने रहेगी। लिफ्ट सिस्टम भी होगा। यह काम्पलेक्स मनासा की शान होगा। विकास के क्षेत्र मे कोर्ट परिसर के पास सुलभ काम्पलेक्स का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। सर्व सुविधायुक्त स्वीमिंग पुल भी लगभग बनने वाला है। जल्द उसका लोकार्पण किया जाएगा। अन्य विकास कार्यो की जानकारी भी अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री तिवारी ने दी। उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या ने कहा 1 साल में शॉपिंग काम्पलेक्स बनकर तैयार हो जाएगा। मण्डल अध्यक्ष श्री डांगी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर परिषद के सभी पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बिजली के तार पकड़कर युवक ने की आत्महत्या

**पिपलियामंडी, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ में पिपलिया विशन्या रोड पर एक युवक ने बिजली के तार पकड़कर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांचा। नारायणगढ टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया कि नारायणगढ के 36 वर्ष युवक पवन पिता भागवतीलाल कुमावत ने विद्युत तार को मूह से पकड लिया, जिससे युवक पूरी तरह झुलस गया और जल गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। टीआई रघुवंशी ने बताया शनिवार रात्रि की है। रविवार सुबह नारायणगढ पुलिस को सूचना मिली। पुलिस पहुँची, शव पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। टीआई रघुवंशी ने बताया आत्महत्या के कारणों का पता नही चल पाया है, युवक नशे का आदि था, पुलिस जांच कर रही है।

### रेल सलाहकार समिति के सदस्य बने राजदीप परवाल

**मंदसौर, 18 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद श्री सुधीरजी गुप्ता की अनुशंसा पर पश्चिम रेलवे, मुंबई मुख्यालय द्वारा एक पत्र जारी कर रतलाम मंडल की रेल सलाहकार समिति में सांसद द्वारा नामित प्रतिनिधि श्रेणी में राजदीप परवाल को पुन: सदस्य नियुक्त किया गया है।उल्लेखनीय है कि श्री परवाल 2014 से लगातार इस समिति के सदस्य है तथा मंदसौर संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु सदैव सक्रिय रहते है। इस समिति के पुनर्गठित होने पर वे छठी बार सदस्य नियुक्त हुए है। शुभचिंतकों एवं इष्टमित्रों ने इस हेतु श्री परवाल को शुभकामनाएं देते हुए सांसद श्री सुधीरजी गुप्ता का आभार माना है।



### सुवासरा का युवक...

पेज 1 से जारी

एएसआई अशोक चौहान, प्रधान आरक्षक यूसुफ मंसूरी, अंकित काला, बाबूलाल, दीपक पाटीदार, अशोक गुर्जर, रौनक पोरवाल, बालकृष्ण पाटीदार, आदिल, धर्मेंद्रसिंह, कमल सिंह, थामस भाभर की सक्रिय भूमिका रही।


### ✻ उठावना ✻

स्व. नंदकिशोरजी शर्मा की धर्मपत्नी, मनीष शर्मा, छाया शर्मा की माताजी विराज शर्मा, परी शर्मा की दादीजी श्रीमती सुमनलता शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 17 नवंबर को हो गया है। जिनका उठावना आज दिनांक 19 नवंबर, मंगलवार को प्रात: 11.30 बजे निज निवास नूर कालोनी, पाटीदार छात्रावास के पास, सरदार रोलिंग मिल रोड, मंदसौर पर रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
शर्मा परिवार, मन्दसौर





## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./मंदसौर/र.नि./सूबे./3340/2024 दिनांक-14.11.2024

**✻✻ द्वितीय खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति ✻✻**

**जिला मंदसौर में वित्तीय वर्ष 2024-25 विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण अंतर्गत निम्न मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन द्वितीय खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.MPTenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। मरम्मत कार्यों का विवरण निम्नानुसार है।**

| क्रं. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवास क्र. एन-01 पुलिस लाईन परिसर रक्षित निरीक्षक आवास | 57,116/- | 1,713/- | 30 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |
| 2 | एन-01 एन.जी.ओ. आवास पुलिस कंट्रोल रुम परिसर कालोनी | 49,568/- | 1,487/- | 30 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |
| 3 | ब्लॉक बी आवास क्रं. सी-21 एम.आई.टी. पुलिस कालोनी मंदसौर | 63,806/- | 1,914/- | 30 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |

समय सारणी

| क्रं. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 18.11.2024 के 12.00 बजे से |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 19.11.2024 के 10.00 बजे से |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 25.11.2024 के 17.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की दिनांक | 27.11.2024 के 11.00 बजे |

**अतः उपरोक्त मरम्मत कार्यों के पृथक-पृथक द्वितीय टेण्डर www.MPTenders.gov.in की वेबसाईड पर प्रसारित किये गये है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी के लिए समस्त दस्तावेज, निविदा शर्तें उक्त वेबसाईड एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन मंदसौर से प्राप्त कर सकते है।**

पुलिस अधीक्षक
जिला मंदसौर

G-19135/24 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।



## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस की प्रिटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार (मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

## नामान्तरण –सूचना

**मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक LIG.I-171 श्रीमती अंजना जैन पति श्री प्रेमकुमार जैन को मण्डल आदेश क्रमांक 3839 दिनांक 16.10.2003 द्वारा नामांतरित किया गया था । श्रीमती अंजना जैन पति श्री प्रेमकुमार जैन द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय श्री महेश पाटीदार पिता श्री सालिगराम पाटीदार को कर विक्रय पत्र दिनांक 16.10.2008 को पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्री महेश पाटीदार पिता श्री सालिगराम पाटीदार अपने नाम करवाना चाहते है।**

**अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो यह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड का नामांतरण श्री महेश पाटीदार पिता श्री सालिगराम पाटीदार के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।**

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

## नामान्तरण –सूचना

**मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG. IV-15 जो श्रीमती मीनाक्षी गर्ग पति श्री मनोहर लाल गर्ग को मण्डल आदेश क्रमांक 1517 दिनांक 11.09.2024 द्वारा नामांतरित किया गया था। श्रीमती मीनाक्षी गर्ग पति श्री मनोहर लाल गर्ग द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री विवेक कुर्मी पिता श्री भगवानदास कुर्मी को कर विक्रय पत्र दिनांक 07.06.2024 उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री विवेक कुर्मी पिता श्री भगवानदास कुर्मी अपने नाम से करवाना चाहते है ।**

**अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री विवेक कुर्मी पिता श्री भगवानदास कुर्मी के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।**

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in